(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार ने बेरोजगार युवाओं को निश्चित रूप से काम देने हेतु क्या प्रभावी कदम उठाये हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

राज सहायता समाप्त करना अथवा उसमें कमी करना

*326. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार विभिन्न वस्तुओं पर दी जाने वाली राज-सहायता समाप्त करने अथवा उसमें कमी करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और कितनी वस्तुओं पर राज-सहायता समाप्त की जाने वाली है अथवा उसमें कमी की जाने वाली है; और

(ग) राज-सहायता समाप्त होने अथवा कम होने की स्थिति में आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ेगा और जनता को कृषि तथा अन्य कार्यों के लिए सस्ती दर पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (ग) मुद्रास्फीति और भुगतान संतुलन पर राजकोषीय संतुलन के प्रतिकूल प्रभावों से बचने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि राज-सहायता बिल को अपने राजकोषीय साधनों की सीमा के अन्तर्गत रखा जाए । फिर भी, राज-सहायताओं को नियंत्रित करते हुए, सरकार की यह नीति रही है कि गरीबों और जरूरतमन्द लोगों के हितों की रक्षा की जाए ।

Fuel crunch in Tata Electric Company

*327. SHRI VIREN J. SHAH :

SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the Minister of POWER be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a report published in the Business Pioneer of 25th March, 1994 under the caption, 'Fuel crunch forces TEC to half power output';

(b).jf so, whether it is a fact that the Oil and Natural Gas Commission is supplying about 0.2 to 0.3 million cubic metres of gas per day. to Tata * Electric Company against their committed l.5 million cubic metres per day ;

(c) if so, what are the reasons and facts in this regard;

(d) whether it is a fact that TEC has almost exhausted its stocks of fuel and are likely to shut down one of its 500 MW units, affecting electric supply to many parts of Mumbai city;

(e) to what extent the short supply of gas to TEC has affected the industrial production and day-to-day life of the people in Mumbai; and

(f) what steps the Ministry of Petro leum and ONGC have taken so far to meet the requirements of TEC?

THE MINISTER OF POWER (SHRI N. K. P. SALVE): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) No, Sir. The position of availability of gas to various users is kept under constant review by the Ministry of Petroleum & Natural Gas. For 1993-94, a commitment of supply of 0.5 MCMD was made for the Trombay Thermal Power Station of M/s Tata Electric Company (TEC) as against which the average supply of gas during the same period has been 1.16 MCMD.

(d) and (f) This station is designed as a mullifuel station and LSHS, which is the alternate fuel, could be imported freely being a decanalised item by M/s TEC. The Ministry of Petroleum & Natural Gas has planned a minimum supply of 50,000 tonnes per month of LSHS to M/s TEC. M/s TEC would need to import any LSHS in excess of 50,000 tonnes per month, as per requirement. The Oil companies would extend the necessary help in the matter.

(e) The Maharashtra State Electricity Board from time to time provides additional supplies of electricity keeping Mumbai's requirement in mind.

लम्बे रेशे वाली रूई का आयात

*328. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लम्बे रेशे की बढ़िया किस्म की रूई के आयात का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और